

मिडिल ऑर्डर ताश के पत्तों की तरह बिखरा

भारत का मिडिल ऑर्डर ताश के पत्तों की तरह बिखर गया। हालांकि कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और केएल राहुल ने पारी को संभाला और टीम को फाइटिंग स्कोर तक पहुंचाया। कप्तान रोहित ने 87, सूर्या ने 49 तो राहुल ने 39 रन बनाए थे। अंत में जसप्रीत बुमराह ने भी अच्छी बल्लेबाजी की। हालांकि अब सवाल यह उठता है कि क्या है बैटिंग ऑर्डर पहले बल्लेबाजी करके भी उतना असरदार साबित हो सकता है? क्या भारत पहले बल्लेबाजी कर 300 से अधिक का स्कोर बना सकती है?

## भारतीय टीम की ताकत को ही कर दिया एक्सपोज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लखनऊ। भारतीय क्रिकेट टीम का वर्ल्ड कप 2023 में अब तक कोई तोड़ नहीं है। उन्होंने लखनऊ के इकाना स्टेडियम में इंग्लैंड को 100 रन से हरा दिया। यह टीम इंडिया की इस विश्व कप में लगातार छठी जीत थी। रोहित सेना एकमात्र टीम है जो अब तक इस टूर्नामेंट में नहीं हारी है। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट पर 229 रन बनाए थे। 230 रन के टारगेट का पीछा करते हुए इंग्लैंड टीम 129 रन पर ही ऑल आउट हो गई थी। इस मुकाबले में भारतीय गेंदबाजों ने कमाल कर दिया। भले ही भारत ने इस मैच में इंग्लैंड की बखिया उधेड़ दी हों। लेकिन इसके बावजूद अंग्रेजों ने भारत की सबसे बड़ी ताकत को एक्सपोज कर दिया। जी हां हम बात कर रहे हैं भारत की बल्लेबाजी की, जिसे इंग्लैंड ने एक्सपोज कर दिया। इसमें कोई शक नहीं कि लखनऊ की पिच बल्लेबाजों के लिए मुश्किल थी। लेकिन यह चिंता का विषय जरूर होगा। भारतीय मैनेजमेंट इसके बारे में जरूर सोच रहा होगा। आपको बता दें कि इंग्लैंड के खिलाफ भारत ने पहली बार इस वर्ल्ड कप में पहले बैटिंग की थी, और उसी में खेल हो गया। शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर जैसे बड़े नाम पूरी तरह से फ्लॉप हो गए।

# हार्दिक पंड्या अगले 3 मैच से भी हुए बाहर

क्रिकेट

## न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ दो मैच नहीं खेले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या की फिटनेस को लेकर बड़ा अपडेट आया है। बांग्लादेश के खिलाफ पुणे में मैच के दौरान वह आना टखना चोटिल करवा बैठे थे। इसके बाद वह धर्मशाला में न्यूजीलैंड और लखनऊ में इंग्लैंड के खिलाफ मैच में नहीं खेल सके थे। अब भारत को 2 नवंबर को श्रीलंका के खिलाफ 2023 वनडे विश्व कप में अगला मैच खेलना है। रिपोर्ट्स है कि वह इस मैच से पहले मुंबई में टीम इंडिया में शामिल हो जाएंगे, लेकिन मैच नहीं खेलेंगे।

पंड्या वर्तमान में अपनी टखने की चोट से उबर रहे हैं, जो उन्हें 19 अक्टूबर को पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ मैच में लगी थी। बीसीसीआई सूत्र का कहना है कि– हां, पंड्या, मुंबई में टीम में शामिल होंगे। वह वर्तमान में बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं। अभी, हम निश्चित नहीं हैं कि वह श्रीलंका के खिलाफ खेलेंगे या नहीं, लेकिन उनका टीम में शामिल होना तय है।

पंड्या की भारतीय टीम में वापसी निश्चित रूप से मेजबान टीम के लिए अच्छी खबर होगी, जिन्होंने अब तक अपने सभी छह विश्व कप मैच जीते हैं। पंड्या बांग्लादेश के खिलाफ गेंदबाजी करते हुए अपने फॉलो–थ्रू गेंद रोकने के चक्कर में चोटिल हो गए थे। 22 अक्टूबर को धर्मशाला में न्यूजीलैंड और 29 अक्टूबर को इंग्लैंड के खिलाफ मैच नहीं खेल पाए थे।



उनकी अनुपस्थिति के कारण सूर्यकुमार यादव और मोहम्मद शमी को न्यूजीलैंड और दोनों के खिलाफ अंतिम एकादश में शामिल किया गया था। पंड्या ने विश्व कप में अब तक चार मैचों में 11 रन बनाने के अलावा 22.60 की औसत से 5 विकेट लिए हैं। हालांकि, उन्हें बल्लेबाजी के सीमित अवसर मिले हैं। भारतीय टीम के फैंस चाहेंगे कि पंड्या कम से कम सेमीफाइनल तक पूरी तरह फिट हो जाएं।

# रतन टाटा ने राशिद खान पर लगे इनाम के दावों का किया खंडन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश के जाने–माने उद्योगपति रतन टाटा ने हाल ही में आईसीसी या किसी भी क्रिकेट अधिकारियों के साथ अपने संबंध को लेकर चुप्पी तोड़ी है। रतन टाटा ने उनके नाम से हो रहे सभी दावों को गलत ठहराया। रतन टाटा ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा कि मैंने आईसीसी या किसी भी क्रिकेट फैकल्टी को किसी भी खिलाड़ी पर जुर्माना या इनाम देने के संबंध में कोई सुझाव नहीं दिया। मेरा क्रिकेट से दूर–दूर तक कोई नाता नहीं है। कृपया इस तरह के झूठेव्हाट्सएप मैसेज और वीडियो पर तब तक विश्वास न करें, जब तक कि वह मेरे ऑफिशियल प्लेटफॉर्म से न आई हो।

दरअसल, कई उपयोगकर्ताओं ने पहले दावा किया था कि रतन टाटा अफगानिस्तान के खिलाड़ी राशिद खान की मदद कर रहे थे। एक यूजर ने 27 अक्टूबर को एक्स (पूर्व में ट्विटर) में लिखा, मैं क्रिकेटर राशिद खान को 10 करोड़ रुपये की मदद करने का दावा करता हूं, जिन पर पाकिस्तान पर जीत का जश्न मनाते समय भारतीय ध्वज को अपने सीने पर लगाने के लिए आईसीसी ने 55 लाख रुपए का जुर्माना ठोका था।



एक अन्य ने भी दावा किया था कि पाकिस्तान ने भारतीय झंडे के साथ जीत का जश्न मनाने के दौरान आईसीसी से शिकायत की, आईसीसी ने इसके बाद राशिद खान पर 55 लाख का जुर्माना लगाया, लेकिन रतन टाटा ने राशिद खान को 10 करोड़ देने की घोषणा की है।

आपको बता दें कि अफगानिस्तान ने वनडे विश्व कप में पहली बार पाकिस्तान के खिलाफ 8 विकेट से जीत दर्ज की थी। इस जीत के बाद अफगानी स्पिनर राशिद खान ने कंधे पर अफगानिस्तान का झंडा रखकर मैदान का चक्कर लगाने जीत का जश्न मनाया था। सोशल मीडिया पर ऐसी भी कई अफवाहें फैली कि पाकिस्तान पर जीत के जश्न में राशिद खान ने भारतीय ध्वज के साथ जश्न मनाया था। इस मामले पर आईसीसी ने उन पर 55 लाख रुपये देने का आरोप लगाया।

## बाबर आजम का प्राइवेट चैट वायरल, पाकिस्तान में बवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान टीम के कप्तान बाबर आजम अपनी किस्मत को कोस रहे होंगे। विश्व कप में लगातार हार से उन्हें जिस तरह से अपने ही देश पाकिस्तान में जलील किया जा रहा है उससे स्थिति बद से बदतर हो गई है। पाकिस्तान की मीडिया में पहले खबर आई कि बाबर आजम सेना को पिछले 5 साल से सैलरी नहीं मिली है। उसके बाद खबर आई कि उनका कॉल पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अधिकारी नहीं उठा रहे हैं। खासकर, बोर्ड के अध्यक्ष जका अशरफ ने अपने कप्तान के कॉल को इग्नोर किया। अब इस मामले में नया एंगल सामने आया है। पाकिस्तान टीम के कप्तान बाबर आजम का कहना है कि उन्होंने कॉल नहीं किया था। दरअसल, बाबर की पर्सनल चैट का एक स्क्रीनशॉट पाकिस्तानी टीवी चैनल ने शेयर किया है। इस चैट में बाबर आजम से पूछा गया– बाबर आजम, टीवी और सोशल मीडिया पर एक और खबर वायरल हो रही है कि आपने अध्यक्ष (जाक अशरफ) को कॉल किया था। उन्होंने आपके कॉल का जवाब नहीं दिया।

## न्यूज डायरी



## विराट कोहली ने जीरो पर आउट होकर भी सचिन का रिकॉर्ड किया बराबर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली अपने सीनियर महान सचिन तेंदुलकर के वनडे शतकों का रिकॉर्ड तोड़ने के बेहद करीब पहुंच गए हैं। वह सचिन के 49 शतकों का रिकॉर्ड बराबर करते उससे पहले ही एक ऐसे रिकॉर्ड लिस्ट में टॉप (बैटिंग में टॉप 7 क्रम तक उतरने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में) पर पहुंच गए हैं, जिसे वह खुद कतई पसंद नहीं करेंगे। दरअसल, वह विश्व कप 2023 में इंग्लैंड के खिलाफ अहम मुकाबले में खाता नहीं खोल सके और इसके साथ ही वह इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे अधिक बार डक पर आउट होने के मामले में सचिन के बराबर पहुंच गए हैं। सचिन तेंदुलकर 664 मैचों के दौरान 34 बार शून्य पर आउट हुए, जबकि कोहली 513 मैचों में ही 34 बार शून्य पर आउट हो चुके हैं। टॉप–7 बैटिंग क्रम में उतरने वाले बल्लेबाजों में सबसे अधिक बार शून्य पर आउट होने वालों में वीरेंद्र सहवाग 31 बार डक के साथ तीसरे नंबर पर हैं, जबकि रोहित शर्मा 30 बार शून्य पर आउट हुए हैं। सौरव गांगुली इस लिस्ट में 5वें नंबर पर हैं। वह 29 बार शून्य पर आउट हुए हैं। उल्लेखनीय है कि भारतीय टीम ने इंग्लैंड को 100 रनों से हरा दिया। इस जीत के बाद भारत सेमीफाइनल में पहुंचने के और भी करीब पहुंच गया है।

## भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने बल्लेबाजों को कोसा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम ने गत चैंपियन इंग्लैंड को वर्ल्ड कप 2023 के 29वें मैच में 100 रन से मात देकर लगातार अपनी छठी जीत दर्ज की। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा इस शानदार जीत के बावजूद अपनी टीम के प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं हुए। रोहित शर्मा ने बल्लेबाजों पर अपनी भड़ास निकाली है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मैच के बाद कहा कि पहले बल्लेबाजी करने पर चुनौती का सामना करना पड़ा। उन्होंने साथ ही कहा कि हमारे बल्लेबाजों ने अपेक्षा से 30 रन कम बनाए। मेरे ख्याल से यह वो मैच रहा, जहां हमने अपनी क्षमता दिखाई। सभी अनुभवी खिलाड़ियों ने सही समय पर अपनी जिम्मेदारी निभाकर हमें जीत दिलाई। देखते हैं कि टूर्नामेंट हमारे लिए कैसा बीतता है। पहले पांच मैचों में लक्ष्य का पीछा करना था, लेकिन इस मैच में पहले बल्लेबाजी करनी पड़ी, हमारे लिए चुनौतीपूर्ण रहा। हम जानते थे कि पिच में कुछ है और हमारी गेंदबाजी में अनुभव है। इसलिए हम एक सम्मानजनक स्कोर बनाना चाहते थे। हमने बल्ले से अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। पहले पावरप्ले में तीन विकेट गंवाए, जो कि आदर्श स्थिति नहीं थी। आपको फिर लंबी साझेदारी की जरुरत होती है, जो हमने की। मगर फिर हमने विकेट गंवाए, जिसमें मेरा विकेट शामिल रहा। मेरे ख्याल से हमने 30 रन कम बनाए।

## इंग्लैंड की शर्मनाक शिकस्त के बाद जोस बटलर ने बयां किया अपना दर्द

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंग्लैंड का वर्ल्ड कप 2023 में एक बार फिर शर्मनाक प्रदर्शन देखने को मिला। गत चैंपियन को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में टूर्नामेंट के 29वें मैच में भारत के हाथों 100 रन की शिकस्त सहनी पड़ी। जोस बटलर के नेतृत्व वाली इंग्लैंड की यह टूर्नामेंट में पांचवीं हार रही। इंग्लैंड की टीम इस शिकस्त के साथ ही सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो चुकी है। भारत ने पहले बल्लेबाजी करके निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 229 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम 34.5 ओवर में 129 रन पर ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने इसे बेहद शर्मनाक हार करार दिया है। जोस बटलर ने मैच के बाद कहा कि वो इस नतीजे से बेहद निराश हैं। बटलर ने बताया कि 230 रन के लक्ष्य का पीछा आसानी से करना चाहिए था, लेकिन उनकी टीम के बल्लेबाजों का प्रदर्शन काफी खराब रहा। बटलर ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का कारण भी बताया। बहुत निराश हूं। वही पुरानी कहानी। 230 रन के लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल नहीं था। मगर हमारी पारी लड़खड़ा गई। टॉस के समय मेरे मन में आया कि हमें रन चेज करना चाहिए इसलिए फैसला लिया। मुझे ओस को लेकर भरोसा नहीं था कि वो आएगी या नहीं। हमारी गेंदबाजी पूरी टूर्नामेंट में शानदार रही। हमने दबाव बनाया, अच्छी गेंदबाजी की और विकेट चटकाए। अगर आप 230 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहे हैं तो खुश रहते। निजी तौर पर लगता है कि मैंने दबाव सोखने का प्रयास किया।